कक्षा -आठवीं

# पाठ - 12

# ज्ञान और मनोरंजन का घर :साइंस सिटी



## अभ्यास

**1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिए गए शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें:--**

- ਛੁੱਟੀਆਂ = छुट्टियाँ  ਚਹੇਤੀ = चहेती
- ਅਧਿਆਪਕਾ = अध्यापिका  ਸਾਇੰਸ ਸਿਟੀ = साइंससिटी
- ਡਰਾਵਨਾ = डरावना  ਪ੍ਰਤੀਯੋਗਿਤਾ = प्रतियोगिता

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें :-**

- ਜਮਾਤ = कक्षा  ਮੇਲ ਜੋਲ = तालमेल
- ਫਿਲਮ = पिक्चर  ਐਨਕ = चश्मा
- ਆਗਿਆ = अनुमति

**3. शब्दार्थ:--**

अभिवादन = सम्मान करना

शिलान्यास = नींव पत्थर रखना

प्राचार्य = स्कूल का मुखिया

वरिष्ठ = पद या क्रम में बड़ा

4. इन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें:-

(क) साइंस सिटी का पूरा नाम क्या है? यह किसके नाम पर रखा गया है ?

उत्तर: साइंस सिटी का पूरा नाम 'पुष्पा गुजराल साइंस सिटी' है | यह पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल जी की पूज्य माता जी के नाम पर रखा गया है |

(ख) इसका उद्घाटन कब हुआ और किसने किया?

उत्तर: इसका उद्घाटन 19 मार्च, 2005 को हुआ | इसे माननीय राज्यपाल एस. एफ. रोडरिज ने किया |

(ग) दिल के मॉडल में क्या दिखाया गया है?

उत्तर: दिल के मॉडल में रक्त संचार प्रणाली दिखाई गई है |

(घ) डायनासोर पार्क में कितनी तरह के डायनासोर हैं?

उत्तर: डायनासोर पार्क में 26 तरह के डायनासोर हैं।

(ङ) वोल्केनो आकृति की क्या विशेषता है?

उत्तर: इस आकृति में चार हिलते - जुलते, मुँह फैलाते, आवाज़ें निकालते डायनासोर दिखाई देते हैं।

(च) डोम थियेटर की क्या विशेषता है?

उत्तर: इसका फ्रेम आम थियेटर से दस गुणा बड़ा है। इसमें बड़ी पिक्चर आती है। आवाज़ बहुत साफ़ है।

(छ) फ्लाइट सिमुलेटर में क्या दिखाया गया है?

उत्तर: इसमें वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर हवाई उड़ान दिखाई जाती है।

(ज) विजयंत टैंक और एयर क्राफ्ट मिग 23 कहाँ पर हैं?

उत्तर: ये दोनों साइंस सिटी की डिफैंस गैलरी में है।

प्रश्न5: इन प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच पंक्तियों में लिखें :-

(क) साइंस सिटी में आपको जो देखने में सबसे अच्छा लगा, उसके बारे में लिखें।

उत्तर: साइंस सिटी में सबसे अच्छा डायनासोर पार्क लगा। इसमें सब तरह के अलग-अलग डायनासोर हैं। ये 45 अलग-अलग मॉडलों में दिखाए गए हैं। 35 फुट ऊँची विचित्र आकृति में चार हिलते-जुलते, मुँह फैलाते तथा आवाज़ें निकालते डायनासोर दिखाई देते हैं।

(ख) साइंस सिटी में ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है,स्पष्ट करें ?

उत्तर: यह बात सच है कि साइंस सिटी में ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है। एक तरफ इसमें हमें विज्ञान के बारे में ज्ञान मिलता है तो दूसरी तरफ तरह-तरह के दृश्य देखने को मिलते हैं। नई-नई जानकारियाँ मिलती हैं। साथ ही डायनासोर तथा चारों शो देखने से मनोरंजन भी होता है।

**प्रश्न 6 : शब्दों से नए शब्द बनायें :-**

- फैला = फैलाव
- भाव = भावना
- बोझ = बोझा
- डर = डरना
- रोमांच = रोमांचक
- मनोरंजन = मनोरंजक
- असल = असली
- आनंद = आनंदपूर्वक

**प्रश्न7 : लिंग बदलें :**

- छात्र = छात्रा
- अध्यापक = अध्यापिका
- शिष्य = शिष्या
- नायक = नायिका
- सुत = सुता
- सेवक = सेविका
- प्रिय = प्रिया
- गायक = गायिका
- लेखक = लेखिका

**प्रश्न8. शुद्धकरके लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| • छुटियाँ | = | छुट्टियाँ | अभीवादन | = | अभिवादन |
| • खेलकुद | = | खेलकूद | अधियापिका | = | अध्यापिका |
| • परणाली | = | प्रणाली | परदर्शनी | = | प्रदर्शनी |
| • थीयेटर | = | थियेटर | कारयालय | = | कार्यालय |
| • पराचार्य | = | प्राचार्य | ब्रहमंड | = | ब्रहमाण्ड |
| • द्रशक | = | दर्शक | अनुरोद | = | अनुरोध |
| • म्यूजिक | = | म्यूज़िक | ज्ञानवरधक | = | ज्ञानवर्धक |
| • दरासल | = | दरअसल | आपरेशन | = | ऑप्रेशन |

**प्रश्न9. उचित योजक शब्द चुनकर रिक़्त स्थान भरें :-**

- <u>यदि</u> उन्होंने अनुमति दी <u>तो</u> हम साइंस सिटी देखने कपूरथला जायेंगे।(यद्यपि -----तथापि, यदि -----तो)
- ऐसा लगता है <u>मानो</u>सब कुछ आपके पास हो रहा है। (ताकि, मानो)
- इनके मुँह में हाथ मत डालना <u>नहीं तो</u> दुर्घटना हो सकती है। (नहीं तो, यानि)
- यहां 3डी में एक खास तरह का चश्मा पहनकर शो देखा जाता है <u>जिससे कि</u> दूर स्क्रीन पर दिखाए जा रहे चित्र आपके सामने लगते हैं। (और, जिससे कि)

- हमने वहाँ बोटिंग की और डायनासोर देखे। (या, और)
- मैंने वहाँ देखा तो सब कुछ था परन्तु कुछ याद नहीं आ रहा। (चाहे, परन्तु)

**प्रश्न10.इन मुहावरों के अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग करें :-**

- नाकों चने चबाना (परेशान करना)--शिवाजी ने मुग़ल-सेना को अनेक बार नाकों चने चबवाए।
- खुशी में गद्‌गद्‌ होना (बहुत खुश होना) --राज्य में प्रथम आते ही दिशा खुशी में गद्‌गद्‌ हो गई।
- करारा जवाब देना (उल्टा जवाब देना) --रवि ने विवेक को थप्पड़ मार कर करारा जवाब दिया।
- छक्के छुड़ाना (बुरी तरह हराना) --भारत ने क्रिकेट का विश्व कप जीत कर अन्य सभी देशों के छक्के छुड़ा दिए।

**प्रश्न11.उचित विराम चिह्न लगायें:--**

1) बच्चो आप सब कैसे हो

   बच्चो ! आप सब कैसे हो ?

2) क्या आपको इसका पूरा नाम पता है

   क्या आपको इसका पूरा नाम पता है ?

3) हाँ सावधानी ज़रूर रखनी होगी

   हाँ, सावधानी ज़रूर रखनी होगी |

4) ओ शरारती वहाँ इस तरह की फिल्में नहीं होतीं

   ओ शरारती ! वहाँ इस तरह की फिल्में नहीं होतीं |

5) दीपशिखा पढ़ाई के साथ साथ संगीत खेलकूद ज्ञान विज्ञान में सब से आगे रहती थी

   दीपशिखा पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, खेलकूद, ज्ञान-विज्ञान में सब से आगे रहती थी |

---


## शिक्षा विभाग, पंजाब

(मार्गदर्शक : डॉ. सुनील बहल, सहायक निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब)

| तैयार कर्त्री : | संयोजक : | संशोधन : |
| --- | --- | --- |
| मीनू शर्मा | इंद्रजीत शर्मा | परमजीत सिंह |
| हिंदी अध्यापिका | हिंदी अध्यापक | हिंदी अध्यापक |
| स.सी.सै. स्मार्ट स्कूल तिब्बड़ | स.मि.स्कूल सिधवां | स.मि.स्कूल तिबड़ी |
| गुरदासपुर | गुरदासपुर | गुरदासपुर |